भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4004**

**17.03.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**पीएम ई-बस सेवा भुगतान सुरक्षा तंत्र योजना का कार्यान्वयन**

**4004. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पीएम ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना के कार्यान्वयन में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) गुजरात और तेलंगाना तथा दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित सभी राज्यों, के लिए अनुमोदित/संस्वीकृत/उपलब्ध कराई गई बसों की संख्या का राज्य-वार और संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक इसके जिला-वार वितरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्येक राज्य को इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत आवंटित की गई वित्तीय सहायता की कुल राशि सहित राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित और जारी की गई है;

(घ) संस्वीकृत बसों की सुपुर्दगी और प्रचालन शुरू करने की समय-सीमा और परिचालन सहायता की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या दाहोद सहित जनजातीय जिलों में हरित सार्वजनिक परिवहन का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है; और

(च) भुगतान सुरक्षा तंत्र के अंतर्गत राज्य परिवहन उपक्रमों की वित्तीय स्थिरता को किस प्रकार सुनिश्चित किया जा रहा है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) और (ख):** पीएम ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र स्कीम दिनांक 28.10.2024 को अधिसूचित की गई थी। इसके कार्यान्वयन की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है:

i. स्कीम के दिशानिर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) प्रकाशित कर दी गई हैं।
ii. 12.03.2026 की स्थिति के अनुसार, 19 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों ने भारतीय रिजर्व बैंक को प्रत्यक्ष विकलन अधिदेश (डीडीएम) प्रस्तुत कर दिया है।
iii. 28.02.2026 तक, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की पीएम-ईबस सेवा स्कीम के अंतर्गत 6,228 बसों की निविदाएं संपन्न हो चुकी हैं। सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरणों (पीटीए) द्वारा 4,720 बसों के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी किए जा चुके हैं।
iv. पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत 10,900 बसों की निविदाएं संपन्न हो चुकी हैं और 2,900 बसों के लिए निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है।
v. वित्त वर्ष 2025-26 में पीएसएम निधि की स्थापना हेतु प्रथम किस्त के रूप में सीईएसएल को 500 करोड़ रुपए संवितरित किए गए हैं।
vi. पीएम ई-बस सेवा और पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत बसों की सूची अनुलग्नक-1 में दी गई है।

**(ग):** स्कीम के अंतर्गत दिसंबर 2025 तक अवसंरचना प्रस्तावों (बिहाइंड-द-मीटर विद्युत अवसंरचना और सिविल डिपो अवसंरचना) के लिए स्वीकृत और व्यय की गई कुल राशि क्रमशः 1254.38 करोड़ रुपए और 483.70 करोड़ रुपए है। स्वीकृत राशि का राज्यवार विवरण अनुलग्नक-2 में दिया गया है।

**(घ):** तैनाती की समय-सीमा प्रत्येक निविदा के अनुसार भिन्न होती है। हालांकि, आमतौर पर सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरण और ओईएम के बीच रियायत समझौते पर हस्ताक्षर होने की तिथि से बसों की तैनाती की अवधि दो वर्ष निर्धारित है। पीएसएम स्कीम के अंतर्गत तैनात प्रत्येक बस के लिए 12 वर्षों की अवधि तक भुगतान सुरक्षा कवरेज प्रदान की जाती है।

**(ङ):** दाहोद सहित जनजातीय जिलों में हरित सार्वजनिक परिवहन के विस्तार के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) स्कीम के अंतर्गत कोई प्रावधान नहीं है।

**(च):** यह स्कीम राज्यों को संवितरित राशि को लागू विलंब भुगतान अधिभार (एलपीएस) के साथ चुकाने के लिए 90 दिनों की अवधि प्रदान करती है, जिससे भुगतान सुरक्षा तंत्र के अंतर्गत राज्य परिवहन उपक्रमों की वित्तीय स्थिरता सुदृढ़ होती है।

*****

*अनुलग्नक*-1

| क्र.सं. | राज्य | शहर | स्वीकृत बसें |
|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | सूरत | 600 |
| | | अहमदाबाद | 1,200 |
| 2 | कर्णाटक | बेंगलुरु | 4,500 |
| 3 | महाराष्ट्र | मुंबई | 1,500 |
| | | पुणे | 1,000 |
| 4 | तेलंगाना | हैदराबाद | 2,200 |
| 5 | दिल्ली | दिल्ली | 2,800 |
| **क** | **कुल (पीएम ई-ड्राइव)** | | **13,800** |
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **शहर** | **स्वीकृत बसें** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | अमरावती | 50 |
| 2 | | अनंतपुर | 50 |
| 3 | | गुंटूर | 100 |
| 4 | | कड़पा | 50 |
| 5 | | काकीनाडा | 50 |
| 6 | | कुरनूल | 50 |
| 7 | | नेल्लोर | 100 |
| 8 | | राजमुंदरी | 50 |
| 9 | | तिरुपति | 350 |
| 10 | | विजयवाड़ा | 100 |
| 11 | | विशाखापत्तनम | 100 |
| 12 | गुजरात | भावनगर | 100 |
| 13 | | गांधीधाम | 50 |
| 14 | | नवसारी | 50 |
| 15 | | गांधीनगर | 100 |
| 16 | | जामनगर | 50 |
| 17 | | जूनागढ़ | 50 |
| 18 | | राजकोट | 100 |
| 19 | | वडोदरा | 250 |
| 20 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 195 |
| 21 | | इंदौर | 270 |
| 22 | | जबलपुर | 200 |
| 23 | | सागर | 32 |
| 24 | | ग्वालियर | 100 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 | | सतना | 20 |
| 26 | | देवास | 55 |
| 27 | | उज्जैन | 100 |
| 28 | महाराष्ट्र | अहिल्यानगर | 40 |
| 29 | | अकोला | 50 |
| 30 | | अमरावती | 50 |
| 31 | | छत्रपति संभाजीनगर | 100 |
| 32 | | भिवंडी | 100 |
| 33 | | चंद्रपुर | 50 |
| 34 | | धुले | 28 |
| 35 | | इचलकरंजी | 25 |
| 36 | | जलगांव | 50 |
| 37 | | कल्याण डोंबिवली | 100 |
| 38 | | कोल्हापुर | 100 |
| 39 | | लातूर | 50 |
| 40 | | मीरा भाईंदर | 100 |
| 41 | | नागपुर | 150 |
| 42 | | नासिक | 100 |
| 43 | | सांगली | 50 |
| 44 | | सोलापुर | 100 |
| 45 | | ठाणे | 100 |
| 46 | | उल्हासनगर | 100 |
| 47 | | वसई विरार सिटी | 100 |
| 48 | | मालेगांव | 26 |
| 49 | | परभणी | 40 |
| 50 | मेघालय | शिलांग | 55 |
| 51 | ओडिशा | संबलपुर | 50 |
| 52 | | बरहामपुर | 50 |
| 53 | | भुवनेश्वर | 100 |
| 54 | | राउरकेला | 100 |
| 55 | | कटक | 100 |
| 56 | पुदुचेरी | पुडुचेरी | 75 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 57 | राजस्थान | अजमेर | 100 |
| 58 | | अलवर | 100 |
| 59 | | भीलवाड़ा | 50 |
| 60 | | बीकानेर | 125 |
| 61 | | जयपुर | 450 |
| 62 | | जोधपुर | 125 |
| 63 | | कोटा | 100 |
| 64 | | उदयपुर | 50 |
| 65 | | सीकर | 50 |
| 66 | उत्तराखंड | देहरादून | 100 |
| 67 | | हरिद्वार | 37 |
| 68 | असम | गुवाहाटी | 100 |
| 69 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 428 |
| 70 | हरियाणा | गुरूग्राम | 100 |
| 71 | | फरीदाबाद | 100 |
| 72 | | हिसार | 50 |
| 73 | | करनाल | 50 |
| 74 | | पानीपत | 50 |
| 75 | | रोहतक | 50 |
| 76 | | यमुनानगर | 50 |
| 77 | बिहार | भागलपुर | 50 |
| 78 | | दरभंगा | 50 |
| 79 | | गया | 50 |
| 80 | | मुज़फ़्फ़रपुर | 50 |
| 81 | | पटना | 150 |
| 82 | | पूर्णिया | 50 |
| 83 | अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर | 50 |
| 84 | गोवा | पणजी | 50 |
| 85 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | 25 |
| 86 | | धर्मशाला | 25 |
| 87 | छत्तीसगढ़ | दुर्ग | 50 |
| 88 | | रायपुर | 100 |
| 89 | | कोरबा | 40 |
| 90 | | बिलासपुर | 50 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 91 | कर्णाटक | बेलगागावी | 100 |
| 92 | | बेल्लारी | 50 |
| 93 | | दावनगेरे | 50 |
| 94 | | धारवाड़ | 100 |
| 95 | | कलबुर्गी | 100 |
| 96 | | मंगलुरु | 100 |
| 97 | | मैसूर | 100 |
| 98 | | शिमोगा | 50 |
| 99 | | तुमकुरु | 50 |
| 100 | | विजयपुरा | 50 |
| 101 | पंजाब | अमृतसर | 100 |
| 102 | | लुधियाना | 100 |
| 103 | | पटियाला | 50 |
| 104 | | जालंधर | 97 |
| 105 | | साहिबजादा अजीत सिंह नगर | 100 |
| 106 | केरल | केरल | 293 |
| 107 | तेलंगाना | निजामाबाद | 51 |
| 108 | | वारंगल | 100 |
| 109 | मणिपुर | इंफाल | 50 |
| 110 | अंडमान और निकोबार | अंडमान और निकोबार | 45 |
| 111 | जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | 100 |
| 112 | | जम्मू | 100 |
| 113 | लद्दाख | लद्दाख | 48 |
| 114 | दादरा और नगर हवेली, दमण और डीआईयू | दादरा और नगर हवेली, दमण और डीआईयू | 50 |
| **ख** | **कुल (पीएम-ई बस सेवा)** | | **10,000** |
| **ग** | **स्कीम की कुल बसें (क+ख)** | | **23,800** |

*अनुलग्नक-2*

| # | राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | | | व्यय की गई राशि (करोड़ रु. में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **बीटीएम** | **सिविल** | **कुल** | **बीटीएम** | **सिविल** | **कुल** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 30.18 | 65.41 | 95.59 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | असम | 3.84 | 12.81 | 16.65 | 3.33 | 7.52 | 10.85 |
| 3 | बिहार | 79.25 | 33.21 | 112.46 | 79.25 | 8.3 | 87.55 |
| 4 | चंडीगढ़ | 11.87 | 0.00 | 11.87 | 11.87 | 0 | 11.87 |
| 5 | छत्तीसगढ | 30.36 | 20.19 | 50.55 | 25.09 | 6.07 | 31.16 |
| 6 | गुजरात | 35.69 | 40.61 | 76.30 | 19.88 | 9.06 | 28.94 |
| 7 | हरियाणा | 13.44 | 8.69 | 22.13 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 14.28 | 28.09 | 42.37 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 55.01 | 36.39 | 91.40 | 1.32 | 0 | 1.32 |
| 10 | महाराष्ट्र | 228.21 | 142.28 | 370.49 | 167.65 | 32.53 | 200.18 |
| 11 | मेघालय | 8.95 | 9.00 | 17.95 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | ओडिशा | 54.11 | 34.05 | 88.16 | 39.91 | 7.96 | 47.87 |
| 13 | पुदुचेरी | 8.15 | 0.00 | 8.15 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | पंजाब | 22.90 | 20.87 | 43.77 | 14.27 | 5.23 | 19.5 |
| 15 | राजस्थान | 60.08 | 42.03 | 102.11 | 35.84 | 8.62 | 44.46 |
| 16 | उत्तराखंड | 12.02 | 15.36 | 27.38 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | कर्णाटक | 37.82 | 39.23 | 77.05 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **706.16** | **548.22** | **1254.38** | **398.4** | **85.29** | **483.7** |